# केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों (CPSEs) को शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध करने की मंज़ूरी

drishtiias.com/hindi/printpdf/cabinet-approves-listing-of-certain-unlisted-cpses-on-stock-exchange

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (Cabinet Committee on Economic Affairs) ने 7 केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों को IPO/FPO के माध्यम से शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध करने के लिये अपनी मंज़ूरी दे दी है।

## समिति ने जिन उद्यमों का शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध करने के लिये मंज़ूरी दी है वे हैं-

1. टेलीकम्युनिकेशन कंसलटेंट्स (इंडिया) लिमिटेड [Telecommunication Consultants (India) Ltd-TCIL]- IPO
2. रेलटेल कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (RailTel Corporation India Ltd.) – IPO
3. नेशनल सीड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (National Seed Corporation India Ltd.-NSC) – IPO
4. टिहरी हाइड्रो डवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (Tehri Hydro Development Corporation Limited-THDC) – IPO
5. वाटर एंड पावर कंसल्टेंसी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड [Water & Power Consultancy Services (India) Limited- WAPCOS Ltd.]– IPO
6. एफसीआई अरावली जिप्सम एंड मिनिरल्स (इंडिया) लिमिटेड [FCI Aravali Gypsum and Minerals (India) Limited-FAGMIL] -IPO
7. कुद्रेमुख आयरन ओर कंपनी लिमिटेड (Kudremukh Iron Ore Company Limited-KIOCL) – FPO

IPO

## लाभ

शेयर बाज़ार की सूची में इन केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों के शामिल होने से इनका मूल्य बढ़ेगा और इनमें निवेशकों की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

## अन्य फैसले

- सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों (भविष्य में सूचीबद्ध किये जाने वाले केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों सहित) की सीमा, निवेश के तरीके, मूल्य निर्धारण, समय आदि के बारे में निर्णय लेने के लिये वित्त मंत्री, सड़क परिवहन एवं नौवहन मंत्री और संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के मंत्री को शामिल करते हुए एक वैकल्पिक प्रणाली के रूप में अधिकृत किया गया है।
- केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों को सूची में शामिल करने के लिये पात्रता शर्तों का दायरा बढ़ाया गया है।
- सकारात्मक सकल संपदा (net asset) और पिछले किसी तीन वित्त वर्षों में सकल मुनाफा अर्जित करने वाला केंद्रीय सार्वजनिक उद्यम शेयर बाज़ार की सूची में शामिल होने के लिये पात्र होगा।

## स्रोत : पी.आई.बी